# Aspirations of Emerging India
# &
# Its Foreign Policy

**Editor**

**Deepak Kumar Adhikari**

**Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)**
Post Box No: 10217, Sinamangal, Kathmandu-09, Nepal
Phone/Fax No: 00977-1-4110924, Email: nenapinresearch@gmail.com

ISBN 9937063302-2
9789937063302

# A Report
# of
# A Talk Program
# on
## Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy

17th Chaitra 2075, Sunday

at

Hotel Sangri-La, Kathmandu, Nepal

**Organized by**

Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)

# Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy

**Editor**

Deepak Kumar Adhikari

**Published by**

Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)

Copies: 1000

Edition: First, 2076 (2019)

Layout: Santosh Acharya

ISBN : 978-9937-0-6330-2

Copyright © Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal

All rights reserved. No parts of this publication may be re/produced, transmitted or stored in a retrieval system, in any form or by any means, without permission in writing from the Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal.

Distributor

Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)

Printed at

Nepal Printing Support, Anamnagar # 01-5706821

## Table of Contents


| | |
|---|---|
| Introduction | vii-x |
| Message | xi |
| Introduction of the speakers | xiii-xvi |
| Shri Deepak Kumar Adhikari | 1-3 |
| His Excellency, Shri Manjeev Singh Puri | 4-8 |
| Shri Sunil Ambekar | 9-25 |
| Smt. Nalini Gyawali | 26-27 |

# प्राक्कथन

नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपाल (नेनाप) ले नेपालमा विभिन्न प्रकारका गोष्ठी, कार्यशाला, छलफल आदि कार्यक्रमहरू निरन्तररूपमा सञ्चालन गर्दै आइरहेको सन्दर्भमा "Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy" विषयक गहन कार्यक्रम गरेको छ । नेपाल-भारतको सम्बन्ध प्राचीनकालदेखि नै विश्वमा एउटा अद्वितीय र अनौठो भएको यथार्थ हामी सबैलाई विदितै छ । दुबै देशको सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, राजनयिक तथा आर्थिक सम्बन्धको सन्दर्भमा हाम्रा प्रकाशनहरूमा विस्तृतरूपमा छापिएको सहर्ष जानकारी गराउन पाउँदा हामी अत्यन्त खुशी छौं । कार्यक्रमहरूको शृङ्खलामा कुनै आवासीय, कुनै लामो समयावधिका भईरहेका छन् भने यो कार्यक्रमको शृङ्खला कम समयावधिको र एउटा छुट्टै प्रकृतिको थियो । त्यसको प्रकाशन गर्न पाउँदा हामी प्रफुल्लित भएका छौं ।

भारतमा नयाँ विकासको गति आएको सन्दर्भमा त्यहाँको विदेशनीतिका बारेमा भारतबाट नै विज्ञहरू बोलाएर गरिएको यस कार्यक्रमबाट नेपालले लिन सक्ने अबको विकासको गतिका लागि एउटा उदाहरण पनि हुन सक्ने अनुमान हामीले गरेका छौं । भारतको जम्मू कश्मीर राज्यको पुलवामा भन्ने स्थानमा भएको आतंकवादी आक्रमणमा चालीस जनाको ज्यान गएको घटना पश्चात् लगत्तै भएको यस कार्यक्रममा संसारले नै कसरी आतंकवादसँग जुध्न योजना बनाउनु आवश्यक छ भन्ने विषयमा विचारहरू आएका थिए । भविष्यमा कसरी आतंकवादले सबैलाई सताउन सक्छ र कसरी एकताबद्ध हुन जरूरी छ भन्ने विषय र सन्दर्भमा विज्ञहरूका सुझावहरू आएका थिए ।

मान्यवर सुनील आम्बेकरज्यूका गहन विचारहरूलाई मुख्यरूपमा हामीले यहाँ समेटेका छौं । त्यस्तै महामहिम भारतीय राजदूत श्री मञ्जीव सिंह पुरीले राख्नुभएका विचारहरू पनि यसमा समेटिएका छन् । यसरी

नेपाल र भारतको सम्बन्ध एवं आमरूपमा विश्वमा नै आतंकवादलाई कुन दृष्टिबाट सम्बोधन गर्नु जरूरी छ भन्ने विषयलाई सन्दर्भ बनाएर गरिएको संवाद कार्यक्रमको यहाँ प्रकाशन गरिएको हो ।

यस अघि गरिएका तथा भविष्यमा गर्ने योजना गरिएका केही कार्यक्रमहरूको विवरण हेर्ने हो भने नेपाल र भारतको सम्बन्धका विभिन्न आयामहरूलाई केन्द्रमा राखेर हामीले विशेष कार्यक्रमहरू नेपाल र भारतमा सञ्चालन गरि नै रहेको छौं ।

धन्यवाद ।

# Introduction

Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP) has been continuously organizing talk programs, seminars, workshops and interaction programs for a quite long time now. In the same process NeNAP organized a talk program on "Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy" at Hotel Shangri-La on 31st March 2019. Nepal-Bharat relationship has been unique and extra-ordinary since ancient time. It is our pleasure to inform you that NeNAP has been extensively conducting seminars and workshops on the cultural, religious, security, social, political, diplomatic and economic aspects of Nepal-Bharat relationships and has been bringing out commendable publications on Nepal-Bharat relationship. In the series of programs we have residential, short term and long term programs. The present program was a short program. We are overjoyed to have come with the proceeding of the program.

India has caught the speed of development in recent decades. In this context, inviting foreign policy experts from India would be an opportunity to share the experience with experts from Nepal. Our expectation was to enhance the speed of development process in Nepal. The program took place immediately after the terrorist attack on Pulwama in the state of Jammu and Kashmir leading to the death of 40 soldiers. The world leaders and intellectuals had the opinions on making strategic plans to curb terrorists. The experts had the opinions that the world needs to be united, if terrorism is not checked in time, it will go beyond our control.

Particularly, the proceeding covers the opinions of Shri Ambekar. We also included the thoughts of His Excellency Shri Manjeev Singh Puri, the Ambassador of India to Nepal in this proceeding. In this way, this publication highlights the needs of addressing terrorism in light of Nepal-Bharat relationship.

Considering the details of earlier programs and plans for future, we have been conducting programs on different dimensions of Nepal-Bharat relationship both in Nepal and India.

Thanks

राजदूत
AMBASSADOR

भारतीय राजदूतावास
काठमाण्डु (नेपाल)
Embassy of India
Kathmandu (Nepal)
: +977-1-4411425
: +977-1-4420130
: amb.kathmandu@mea.gov.in



26 July, 2019

# Message

At the outset, I would like to congratulate Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP) for organizing a talk program on "Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy" in Kathmandu on 31 March 2019. This book is compendium of the proceedings of this event.

I congratulate Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal on the successful organization of this program and this important publication. I wish the Pratishtan good luck for its future endeavors and hope that it would continue to provide platforms that bring the people of India and Nepal together.

(M.S. Puri)

**Deepak Kumar Adhikari** Shri Deepak Kumar Adhikari, Director of Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP), Rashtriya Prachar Pramukh of the Hindu Swayamsevak Sangh (HSS) Nepal and a member of the Advisory Board of the World Organisation of Students and Youth (WOSY), is a social worker, who has for the past several decades engaged himself in pure social work at various capacities. In the past twenty years of his full-time social service, he spent much of his time giving visionary leadership to Pragyik Vidyarthi Parishad (PVP), Nepal and developing a strong organizational foundation for it, working as its National Organizing Secretary.

Since 2012, Deepak Kumar Adhikari has been committed, as a founder director, to the activities of Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal, a leading research institution for the long-term development of the society as well as to strengthen the Nepal-Bharat relations.

**Manjeev Singh Puri** His Excellency, Shri Manjeev Singh Puri is an Indian diplomat & the current Ambassador of India to Nepal since March 25, 2017. Ambassador Puri joined the Indian Foreign Service in 1982 and in the course of his diplomatic career spanning over 36 years, he has served in different capacity in Indian

Missions abroad and in the India's Foreign Ministry including a number of multilateral organizations such as the United Nations, European Union etc.

In Delhi, he has served as Joint Secretary (UN-Economic & Social) and Deputy Chief of Protocol in the India's Foreign Ministry. Prior to becoming India's Ambassador to Nepal, he has served as Ambassador of India in Brussels from 2014-2017 and as Ambassador and Deputy Permanent Representative of India to the UN in New York from 2009 to 2013. He has an MBA and did his B.A. Honours in Economics from St. Stephen's College, Delhi, India.

**Sunil Ambekar**

Shri Sunil Ambekar is an Indian educationist and a veteran student activist. He is the National Organizing Secretary of the Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad (ABVP). Hailing from Nagpur, a prominent commercial and political centre of Maharashtra's Vidarbha region, Shri Ambekarji has done his M.Sc. in Zoology with specialization in Cytology.

One of the prominent figures having a long-standing history of been involved with the nationalist students' movements, Shri Ambekarji's association with Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad harks back to his college days at the Institute

of Science, Nagpur. Shri Ambekarji, for more than two decades, has been a relentless crusader against the corrupt, vile and anti-nationalist forces that are trying to insidiously subvert peace and stability in India, by adroitly building up a nationalist consensus among the Indian student and youth fraternity. Given the fact that it indeed is quite arduous an endeavor since rallying the impressionable students and youth is quite a challenge.

Shri Amberkarji has, time and again, evinced the fact of been immensely successful particularly in critical moments like leading the organization as an organizing secretary during the agitation against Bangladeshi infiltration and most recently, against the issue of corruption that is afflicting the Indian state in more ways than one, as both the national organizing secretary of ABVP and advisory member to the Youth Against Corruption.

Honorable Sunil Ambekar keeps on visiting different parts of India in relation to the extension and consolidation of student and youthprograms, professional development of ABVP members and different dimensions of forms and programs of ABVP. Shri Ambekar coordinates programs on cooperation,

development and organization of different organizations of students and youths. As the founder member of World Organisation of Students and Youth (WOSY), Shri Ambekar keeps on visiting different countries to take part in youth related programs. In the same process, he has been continuously visiting Nepal since 2003. He has been in participating in different programs of student organizations, media groups, social activists, politicians, etc of Nepal. While in India, Shri Ambekar actively contributes to the discussion on the issues of Nepali society in India. He remains in close contact with the student community of Nepal who are pursuing higher studies in Indian universities. All these interactions with Nepali scholars keep Shri Ambekar updated with the social issues and environment of Nepal.

**Nalini Gyawali**

Smt. Nalini Gyawali is a prominent social activist of Nepal who is actively involved in promoting socio-cultural events in Nepal. A particular area where Mrs. Gyawali has worked tirelessly is to promote better Indo-Nepal relations in all facets be it economic, political or socio-cultural. She is Convener of the Nepal Chapter of the Overseas Friends of BJP and General Secretary of Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP) an important think tank of Nepal.



**दीपक कुमार अधिकारी**

नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपाल द्वारा आयोजित आजको यस Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy अर्थात उभरते भारत की आकांक्षाएं और उसकी विदेश नीति विषयक या भनौं उदाउँदो भारतको आकांक्षा र यसको विदेशी नीति विषयक भाषण कार्यक्रमको मञ्चमा उपस्थित प्रतिष्ठानकी महासचिव श्रीमती नलिनी ज्ञवालीजी र हाम्रो निमन्त्रणालाई स्वीकार गरेर पाल्नु हुने श्रीमान् सुनील अम्बेकरजी, नेपालका लागि महामहिम भारतीय राजदूत श्रीमान मन्जीव सिंह पुरीजी साथै हाम्रो निमन्त्रणालाई स्वीकार गरेर पाल्नु हुने महानुभावहरू, सुरक्षा निकायका सम्पूर्ण प्रमुखहरू, पूर्व राजदूतज्यूहरू, समाजका विभिन्न क्षेत्रका विभिन्न संघ संस्थाबाट प्रतिनिधित्व गरेर पाल्नु हुने प्रतिनिधिसभाका सम्माननीय सदस्यज्यूहरू, प्राज्ञिक व्यक्तित्व, विद्यार्थी एवं युवाहरू सबैलाई म पुनः यस कायक्रममा अभिनन्दन गर्दछु । यसका साथ-साथै भारतीय राजदूतावास मिशनका उप-प्रमुख Deputy Chief of Mission डा. अजय कुमारजी, उहाँलाई पनि यस कायक्रममा स्वागत गर्दछु । यस कार्यक्रममा पाल्नु हुने सम्पूर्ण मिडिया क्षेत्रका सम्पादकज्यूहरू,

विद्युतीय एवं छपाई मिडियाका सम्पादकज्यूहरू, त्यसका प्रतिनिधिज्यूहरू र सबैलाई पुनः एकचोटि म स्वागत गर्दछु ।

नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपालको कार्यक्रमसँग हामी परिचित छौं । धेरै कार्यक्रममा उपस्थित भएर हाम्रो हौसला हजुरहरूले बढाउनु भएको छ । हामीहरू निरन्तर कार्यक्रमहरू गरि रहेका छौं । मान्यवर श्री सुनील अम्बेकरजी नेपालमा सन् २००३ देखि लगातार वर्षमा दुईचोटी नेपाल आईरहनु भएको छ । संयोगले यसपाली पनि उहाँ तनहूँको सदरमुकाम दमौली र पोखरा उहाँ आउनु भएको थियो । त्यसै सिलसिलामा हामीले उहाँलाई यस कार्यक्रमका लागि अनुरोध गरेका थियौं र उहाँले सहस्र स्वीकार प्रदान गरेर हामी आयोजना गर्न सफल भयौं । उहाँलाई पुनः धन्यवाद ।

सुनीलजी मुम्बई, महाराष्ट्रको नागपुरबाट उहाँ सम्बन्ध राख्नु हुन्छ । छात्र जीवनमा उहाँ, विद्यार्थी जीवनदेखि नै सक्रिय रहनु भयो र विभिन्न देशका छात्र संगठनहरूको संवादमा, उनीहरू सँगको अन्तरक्रियामा उहाँ विदेश भ्रमण गरि रहनु हुन्छ र प्रत्यक्षरूपमा ७० वटा देशका युवा तथा विद्यार्थीहरू सँग उहाँको संवाद भईरहन्छ । त्यसमा पनि विशेष गरेर नेपाली विद्यार्थीहरू सँग उहाँको सघन संवाद भईरहेको छ । सुनीलजी नेपाल आउने क्रममा यहाँका विभिन्न छात्र संगठनहरू सँग पनि संवाद भईरहेकै छ । केही समय अगाडि पनि हामीले दुइचोटी उहाँको संवाद छात्र संगठनका पदाधिकारीहरू सँग सम्पन्न गरेका थियौं ।

नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपालका कार्यक्रमका दुईवटा प्रक्रिया, एउटा त हामी लामो अन्तरालका कार्यक्रम गर्छौं । दोस्रो छोटो अन्तरालका । गत जुलाई महिनादेखि हामीले छोटो अन्तरालका कार्यक्रमहरू पनि सँग सँगै सञ्चालन गरि रहेका छौं । त्यसमा विशेष गरेर हामीले भारतमा पढ्ने नेपाली विद्यार्थीहरू जति पनि बस्नु हुन्छ । उहाँहरू सँगको संवाद सघन रूपमा होस् भनेर त्यो कार्यक्रमलाई बढि हामीले दिल्लीमा नै

फोकस गरेका छौं । गत जुलाईमा हामीले दिल्लीमा नेपालको राजनीतिक विषय (नेकपा एमाले र नेकपा माओवादीको विलय)को सन्दर्भलाई लिएर कार्यक्रमको नमुना अनुसार एकजना भारतबाट र एकजना नेपालबाट बोल्ने वक्ता बोलाएर उक्त विषयमा संवाद कार्यक्रम सम्पन्न गरेका छौं ।

भर्खरै हामीले सामान र सेवा कर GST को Implication for Bilateral Trade तथा The Himalayas : The Net Security Provider यस बारेमा पनि दिल्लीको Constitution Club भवन मा दुई दुई घण्टाको कार्यक्रम एकैचोटी सम्पन्न गरेका थियौं । त्यसमा पनि मान्यवर सुनीलजी एउटा विषयको प्रमुख वक्ता हुनुहुन्थ्यो, सवा सय जनाको उपस्थिति थियो ।

यसै क्रममा आगामी दिनमा हाम्रा तीनवटा ठूला संगोष्ठीहरू छन, ती संगोष्ठीहरूलाई हामी निकट भविष्यमा सम्पन्न गर्दैछौं । ती संगोष्ठीहरूका विषय यस प्रकार छन्- पहिलो, नेपाल-भारतको सम्बन्ध: शिक्षा र स्वास्थ्य, दोस्रो नेपाल-भारतको सम्बन्ध: राजनीतिक एवं कुटनीतिक र तेस्रो नेपाल-भारतको सम्बन्ध: सञ्चार क्षेत्रको भूमिका । यी विषयका संगोष्ठीहरू हामी दुई दुई दिनका गर्नेछौं । आजको हाम्रो यो छोटो तथा संक्षिप्त कार्यक्रम हो र यसमा मान्यवर सुनीलजीको आज विशेष उद्बोधन रहनेछ । त्यसपछि हामी अनौपचारिक चर्चा मान्यवर सुनीलजीसँग गर्छौं । हाम्रो कार्यक्रमको निमन्त्रणालाई स्वीकार गरेर सबैजना ठीक समयमैं पाल्नु भएकोमा हामी हृदयदेखि हजुरहरूलाई अभिनन्दन गर्दछौं र यो एउटा फगत शब्दको औपचारिकता मात्र हुनेछ । हजुरहरू सबै वरिष्ठलाई पुन: मेरो एवं प्रतिष्ठानको तर्फबाट स्वागत गर्दै म आफ्नो स्वागत मन्तव्यलाई यहीं समाप्त गर्दछु ।

धन्यवाद ।



**मञ्जीव सिंह पुरी**

उद्घोषकजी को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट करता हूँ। मैं दो साल से यहाँ पर हूँ। इस बीच के काल खण्ड में यहाँ काम करते हुए मुझे बहुत आनन्द प्राप्त हुआ। जब भी कोई मुझे मंच पर बुलाता है तो अंग्रेजी में ही बोलता हूँ। धन्यवाद। मैं नेपाली तो बोल नहीं सकता लेकिन थोड़ा सा मैं कोशिस कर सकता हूँ। मुझे पता है कि दो सौ साल से हम लोगों को अंग्रेजी सिंखाई गई, और वह थोड़ी बहुत मैं बोल भी सकता हूँ। लेकिन उपस्थित अतिथि वर्ग से अनुमति लेते हुए अभी यहाँ पर हिन्दी में ही अपना विषय रखना चाहता हूँ। दीपकजी को बहुत बहुत धन्यवाद। आपने मुझे बुलाया, मेरे साथी डा. अजय कुमार को बुलाया हमारे दूतावास को इस कार्यक्रम में सहभागी करने के लिए यह मौका दिया, इसके लिए नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपाल को भी हार्दिक धन्यवाद। मैं नलिनी जी को भी हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूँ।

आज मैं वैसे बहुत डरा हुआ हूँ दीपकजी। यहाँ पर मैं देखा रहा हूँ कि आगे की लाईन में दो पूर्व सैन्य प्रमुख, दो पूर्व प्रहरी प्रमुख बैठे हुए हैं और मुझे पता नहीं कि यहाँ पर कितने सारे पूर्व राजदूत, पत्रकार और कूटनीतिक व्यक्तित्व बैठे हुए हैं। और मुझे कुछ लग रहा है कि आज का ये मामला शायद ठीक ही चलेगा। देवियों एवं सज्जनवृन्द आप लोगों को मैं कहूँ कि सुनील के बालों के रंग पर मत जाईएगा यह उभरते हुए नेता

हैं, विद्यार्थी परिषद् के लीडर हैं। मैं उनका यहाँ पर हार्दिक स्वागत करना चाहता हूँ। जब मैं यहाँ पर आया, तो सुनीलजी और दीपकजी मुझसे कहते हैं, आप इधर आईए। मेरे को पता नहीं था कि क्यूँ आते ही बाहर बुलाया तो मैं यह जानने के लिए उधर चला गया, तो जाते ही वह बोले कि पहले आप चाय पी लीजिएगा, स्नैक्स लीजिएगा। अभी नाश्ता के बाद यह कार्यक्रम हो रहा है इसलिए मञ्च में बैठा हुआ आदमी नाश्ता का आनन्द लेते हुए बिल्कुल लेट जाएगा। जो ठीक नहीं है। (मुस्कुराते हुए) पहले चाय-वाय पिला दो उसके बाद थोड़ा सा अन्दर जोश वोस आ जाता है। दीपक कोई बात नहीं यार हम तो पैदा ही हुए थे चाय के अन्दर। अब क्या कहें।

इतने अच्छे लोग बैठे हैं, मैं आप को सोने नहीं दूँगा। मैं आपको नींद नहीं लेने दूँगा और मैं आपको बताना चाहता हूँ कि मुझे लगता है कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि आज हमारे बीच में सुनील जी हैं। सुनीलजी यहाँ नेपाल तो कई बार आए हैं। लेकिन इनकी यह खास रूचि है। भारत मैं जो विकास है, वो तो है। उसके साथ साथ भारत में जो आगे प्रगति हो रही है, जो विकास हो रहा है, उसके साथ भारत की जो परिभाषा है, जो भारत की प्रोफाइल है दुनिया में उसको यह नज़र आना चाहिए। और यह देखते हैं कि उसके साथ अंतर्राष्ट्रिय स्तर पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए मैं निश्चिन्त हूँ कि वो थोड़ा बहुत तो भारत नेपाल के बारे में बोलेंगे ही। बहुत कुछ वास्तविकता के बारे में बोलेंगे और वैश्विक विचारधारा के बारे में बोलेंगे।

मुझे बहुत खुशी हुयी है कि सुनीलजी को दूतावास की तरफ से मुझे आपको यहाँ आत्मिक रूपसे आप का स्वागत करने का मौका मिला। वैसे यह होटेल हमारे लिए बहुत ज्यादा प्रिय है क्यूँकि भौगोलिक दूरी से हम केवल एक दिवार को शेयर करते हैं एवं व्यवस्था के हिसाब से हमारा यहाँ आना जाना लगा रहता है। पहले यह हॉल नहीं होता था। इसलिए यहाँ पर इस तरह के कार्यक्रम करने बहुत मुश्किल थे। लेकिन यहाँ पर अब भारत से एक महाप्रबन्धक साहब आए हैं। उन्होंने यह सुन्दर व्यवस्था की और मैं देखता हूँ कि हमारे सारे कार्यक्रम यहाँ होते हैं। वह बनर्जी साहब (होटल के प्रबन्धक) पता नहीं कहाँ हैं, उनको भी हमारी तरफ से बहुत बहुत धन्यवाद। देवियों और सज्जनवृन्द, आजकल

जो भी टीवी देखता होगा, नेपाल के च्यानल भी देखता होगा तो आप को भारत के बारे में अधिक न्यूज आ रही होती हैं। उसका कारण बहुत साधारण है। हमारे यहाँ चुनाव घोषित हो चुके हैं। ११ अप्रिल से ले के १९ मई तक चुनाव होंगे। लेकिन अब चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। और कोई भी शख्स दुनिया के किसी भी देश में, लोकतन्त्र प्रिय हैं। और मैं मानता हूँ कि जो नहीं हैं वह भी। वह यह जरुर उनकी ताक लग रही है कि भारत मैं क्या हो रहा है।

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र हमारा निर्वाचक मंडल इस समय नौ सौ मिलियन यानि लगभग नब्बे करोड़ पर आकलन किया जाता है। इतना बाकी सब को मिला ले तब भी शायद न पहुँचे। असल में मैं आपको अपनी तरफ से एक छोटा सा बताऊं। हमारे यहाँ से करीब १० मिलियन सरकारी अफिसर जो हैं, सरकारी सेवा में जो काम करते हैं, उन लोगों को लामबन्द किया जाता है एक आम चुनाव के लिए। यह करीब १ करोड़ लोग के बराबर हैं। मैं इससे पहले बेल्जियम में कार्यरत था। तो पिछले चुनाव के बाद मैंने बेल्जियम की वहाँ जो महारानी हैं, उनको कहा। तो वह आगे चल रही थीं कार्यक्रम में। मैंने कहा महोदया दस मिलियन भारत के सरकारी कर्मचारी लगे, जब यह सामान्य चुनाव हुआ, तो वह रुक गई। पीछे मुड़ीं और मुझे कहती हैं, अरे भाई तुम्हें पता है यह तो बेल्जियम की  जनसंख्या है। यह है भारत, यह है भारत का चमत्कार, और यह है हमारा चुनाव का त्यौहार जो हम कहते हैं। यह दुनिया में सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं है। लेकिन इस बात को प्रमाणित करता है कि भारत कितना बंडा लोंकतन्त्र है, और भारत देश कितना ज्यादा दुनिया में लोकतन्त्र को योगदान करता है। हमें यह देखकर बहुत खुशी होती है कि नेपाल में भी लोकतन्त्र बिल्कुल स्थापित हो चुका है। अब यहाँ पर नया संविधान आ गया है। और आप लोग संमृद्धि और खुशी की तरफ बढ़ रहे हैं। बहुत सालों के बाद यहाँ पर सकारात्मक वृद्धि हुयी वह भी बड़ी मात्रा में, ७ % का नजंर आया और थोडां सा गिर गया लेकिन फिर भी ५ % से आगे है। यह जो चीज है, वह बहुत सालों के बाद नेपाल में नजंर आई। सम्वृद्धि अगर आपको चाहिए तो अन्तर विकास तो होना ही पड़ेगा। हमारे यहाँ देखिएगा, आपका निकटतम छिमेकी और जो देश जिस के साथ आप की सभ्यता मिलती है। जहाँ

पर हम लोग कहते हैं कि रोटीबेटी का हमारा रिश्ता है । हरेक आदमी आप में से जरुर और कुछ नहीं तो सीरियल तो देखता ही होगा भारतीय टेलीविजन के ।

आप लोग देखिएगा, अगर हम दुनिया में सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था को देखा जाए तो लगातार ७ या साढे ७ प्रतिशत की दर में मिलती है । आपको तो इसका स्वचालित फाईदा है, और वह नजंर भी आ रहा है । वह नजंर आ रहा है व्यापार की वृद्दि में वह नजंर आ रहा है कि पिछले दिन जो ईनभेस्टमेन्ट सम्मेलन हुआ शायद वहाँ दो सबसे महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए । वह हमारे अरुण ३ की वित्तपोषण (Financing) पर हुआ । और एक और जो चौधरी ग्रुप (सि.जी.) ने हस्ताक्षर किये यहाँ पर होटल विस्तार के बारे में, सम्मेलन केन्द्र के बारे में आदि । मुझे खुशी है कि हमारी प्रमुख होटल शृंखला ताज वापस आ गयी है काठमाण्डौं में । ताज विमानता खुल गया यहाँ पर । तो आप देखिएगा किस तरह भारत में जो तरक्की हो रही है, भारत में जो विकास हो रहा है, उसका प्रभाव यहाँ पर भी हो रहा है । और आपकी जो विकास है, आपकी जो खपत बढ रही है इन सब के साथ दोनों तरफ हम लोग देख पाते हैं कि विन-विन (win-win) परिस्थिति कायम हो रही हैं ।

मुझे बहुत खुशी है कि पिछले साल सन् २०१८ में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दो बार नेपाल आए । यहाँ के एक राज्य का दौरा भी हुआ । उस समय के दौरान हमने अरुण ३ प्रोजेक्ट, जो कई सालों से यहाँ पर भण्डार था, कुछ कारणवश रूका हुआ था, आगे नहीं जा रहा था । इस प्रोजेक्ट की शुरूवात भी जो अभी शुरू हो गयी है । उस में काम भी शुरू हो गया है । कई सौ मिटर तक की सुरूंग की भी खुदाई हो चुकी है, एक जगह नहीं आठ दस जगह हो चुकी है । और यह जो प्रोजेक्ट है, ९०० मेगावाट का प्रोजेक्ट है । आज यहाँ पर ८०० मेगावाट से कम के बिजली उत्पादन होती है, देखिएगा इसके कारण कुछ ही सालों में नेपाल में कितना सारा परिवर्तन आने वाला है । साथ-साथ हमने पूछताछ चौकी, वीरगंज और साथ में अपना जो था रक्सौल में दोनो को संचालित कर दिया । आज जब हमने संचालित किया तो बहुत लोग कहते थे बहुत दिक्कत होगी, यह होगा, वह होगा, रोड नहीं बनी, यह नहीं हुआ । आज मेरे को बढी खुशी होती है । हर दूसरे बार हम देखते हैं, तो अखबार में

वे कहते हैं कि आईसीपी को और भी बड़ा और विस्तारित किया जाए। हमने भविष्य के लिए पौधे नहीं लगाए हैं, कितना अद्भुत है यह तो हो गया आर्थिक स्थितियों के बारे में।

पिछली बार जब प्रधानमन्त्री मोदी नेपाल मे BISMTEC अर्थात "बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी की पहल" सम्मेलन के लिए आए। तो हमने प्रधानमन्त्री श्री के.पी. शर्मा ओलीजी के साथ यहाँ पर पशुपतिनाथ धर्मशाला नेपालको समर्पित की। वह अभी परिचालन होना है लेकिन हो जाएगा अभी यहाँ औपचारिकतायें चल रही हैं। ४०० बिस्तर की धर्मशाला है। और मैं मानता हूँ कि यह इतनी बड़ी सर्वसाधारण लोगों की बीच की लिंक है। भगवान पशुपतिनाथका भारत के साथ, भारतका भगवान पशुपतिनाथ के साथ इसमें और भी सम्वृद्धि होगी। साथ-साथ पर्यटक भी बढेंगें, साथ-साथ अर्थतन्त्र भी बढ़ेगा। जब प्रधानमन्त्री मोदी आए उन्होंनें एक ऐसी चमत्कार वाली बात की, वह मुक्तिनाथ गए। इस चीजको सारी दुनिया में दर्शाया गया। और अब स्थिति यह है कि मुक्तिनाथ में आप जाए तो आप को होटल नहीं मिलते। आप को बस जाने के लिए नहीं मिलती जोमसोम में बुकिङ्ग नहीं होती, निश्चय ही हमें बहुत खुशी है कि जोमसोम में सभी मौसम खपत करने वाला पुल भी हमारी भागीदारी से बना। यह सब चींजे हम सब लोग इसलिए करते हैं क्योंकि आप की सम्वृद्धि में हमारी भी सम्वृद्धि है। आप की खुशी में हमारी भी खुशी है। और यही चींजे हम लोग की समग्रता विकास करती है। रामायण सर्किट, जनकपुर से ले के लुम्बिनी तक सब चीजका विकास कर रहे हैं। नेपाल आगे चलेगा तो और हमें क्या चाहिए ? अड़ोस-पड़ोस के साथ-साथ भारत का भी विकास हो हमारी मुख्य विचारधारा है, भारत का विकास हो और इन दोनों चींजों में मैं तो मानता हूँ जिस तरह अंग्रेजी में लोग कहतें हैं विन-विन की क्षमता यह बात बिल्कुल स्वर्ण अक्षरो में लिखी हुयी है।

धन्यवाद दीपक जी, धन्यवाद सुनील जी।



**सुनील अम्बेकर**

मञ्च पर विराजमान भारतीय राजदूत श्रीमान मञ्जीव सिंह पुरीजी, नीति अनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपाल के महासचिव नलिनी ज्ञवालीजी और अन्य पदाधिकारी वर्ग और नीति अनुसन्धान के निमन्त्रण पर यहाँ उपस्थित कई सारे गणमान्य लोगों को मैं देख रहा हूँ। और जिनसे पहले भी मिलने का मौका मिला है, ऐसे किसी ना किसी कार्यक्रमों में, वह भी कई लोग यहाँ उपस्थित हैं। तो सभी का मैं स्वागत करता हूँ और सभी को नमस्ते।

वैसे तो मैं चार दिन से नेपाल में आया हुआ हूँ। दमौली गया था गण्डकी क्षेत्र में। और बहुत अच्छा अवसर मिला मुझे। वहाँ महर्षि वेदव्यास का जो जन्मस्थान है। उस गुफा में भी दर्शन करने का अवसर मिला। और शक्तिपीठ भी गया था। तो यह मेरे को बोनस हो गया इस बार के नेपाल भ्रमण में। और उसके लिए मुझे बहुत बहुत खुशी है।

वैसे विषय तो काफी गम्भीर है, उभरते भारत की आकांक्षाएँ और उसकी विदेशनीति। वैसे यहाँ मञ्जीव सिंह पुरी जी बैठे हुए हैं। वैसे तो मैं विदेश नीति का विज्ञ नहीं हूँ। लेकिन मुझे लगता है कि विदेश नीति जो होती है वह केवल कूटनीतिक या केवल एक अन्तर्राष्ट्रिय सम्बन्ध के सिद्धान्त से नहीं होती है। और केवल राजनैतिक विचारधारा से नहीं होती

है, तो सम्बन्ध जो बनता है वह दिल से बनता है। और केवल सरकारों से नहीं बनते, यह तो लोगों की भावना से बनते हैं, आदमी आदमी के सम्बन्ध से बनते हैं। सरकार या राजनयिक जो सम्बन्ध उससे परिभाषित होता है। और वह महत्व की बात होती है, उस सन्दर्भ में लोगों की दिल की बात समझने को लगातार मैं घूमते रहता हूँ, बहुत लोगों से मिलता हूँ। तो निश्चित रूपसे दिल की बात भारत के लोग और नेपाल के लोग दोनों की भी काफी हद तक समझने का मैं दावा कर सकता हूँ। ज्यादातर सम्बन्ध इसी से चलाये हुये होते हैं, बाद में उसको परिभाषित किया जाता है राजनीतिक लाईन पर या कूटनीतिक लाईन पर।

आज जैसे पूरे भारत में अभी चुनाव का माहौल चल रहा है। और जैसे बताया गया कि लोकतन्त्र में चुनाव एक बहुत बड़ा उत्सव होता है। और अभी जो यह उत्सव है, इसमें खासियत यह है कि लोकतन्त्र के इस उत्सव में कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता है। सब का महत्व एक समान होता है। इसमें कोई यहाँ का वहाँ का नहीं होता है। तो उसमें सब बराबर होते हैं। सबका एक वोट (मत) का अधिकार होता है। वह किसी भी जाति से आता हो, वह कहीं से भी आता हो, वह कोई भाषा बोलता हो, जब वह एक देश का होता है तो उसका महत्व भी समान होता है। जब आप बोल रहे थे तो मैं सोच रहा था कि वास्तव में प्रजातन्त्र/लोकतन्त्र की कितनी बड़ी सुन्दरता है यह कि जिसके लिए बहुत प्रयास करने पड़ते हैं कि सब को एक करने में। यह हमारा लोकतन्त्र का एक माध्यम ऐसा है कि जो इतनी विविधता होने के बाद भी सब को एक कर देता है। ऊपर दीखने में लगता है कि सब एक दूसरे के बारे में बोल रहे शायद कभी कभी विरोध में भी बोल रहे हैं, लेकिन वह शायद हम लोगों को एक दूसरे को समझने का मौका भी देता है। और यह जो लोकतन्त्र की सुन्दरता है उसको कई बार ऊपर से देखने से लगता है इतना झगड़ा हो रहा है, क्या हो जाएगा देश का। कभी कभी लोग चिन्तित होते हैं तो मैं बताता हूँ कि नहीं यह लोगों को जोडने का भी बहुत बड़ा काम करता है, कि हम सभी एक हैं और हम सब में एक शक्ति है कि हम अपनी सरकारों को खुद बनाते हैं। जैसे आप ने कहा कि

और यह एक बहुत खुशी का मौका था जब नेपाल में भी लोकतन्त्र की स्थापना हुई, और आज उसी दिशा में लगातार मजबूत होते हुए नेपाल आगे बढ़ रहा है । तो निश्चित रूपसे इसकी सब से बड़ी खुशी मुझे लगता है । जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है, उससे ज्यादा किसको खुशी हो सकती है । यह केवल नेपाल के लोगों के लिए नहीं नेपाल में लोकतन्त्र का आगमन और उसकी स्थापना मजबूती से कराने के लिए दुनिया के सब से बड़े लोकतन्त्रात्मक राष्ट्र और नेपाल के पड़ोसी भारत के लिए भी बहुत बडी खुशी का और एक सन्तुष्टि का विषय है ।

भारत में भी विकास के सारे विषय लगातार चल रहे हैं । ७० वर्ष से भारत भी इससे जूझता रहा, विकास से, गरीबी से लगातार कई सारे क्रम इसमें आगे बढ़ते रहें । अब अगर देखा जाए तो जैसे कि लगातार सब के सामने आ रहा है कि जो आकांक्षा है भारत के लोगों की वह आकांक्षा आगे बढ़ने की, गरीबी से मुक्त होने की, दुनिया में एक सक्षम राष्ट्र बनने की, एक सम्मृद्ध राष्ट्र बनने की जैसी कि किसी भी जनसंख्या की आकांक्षा होती है, वैसी आकांक्षा भारत के लोगों के अन्दर भी लगातार रही है । आज अगर उस दृष्टि से देखा जाए तो काफी सारे खुशी के पल भारत में आए हैं । और जब आज चुनाव चल रहे हैं तो इस विषय की भी बहुत सारी चर्चाएँ वहाँ पर हो रही हैं ।

आज जितनी भी सारे प्रकार के प्रयास वहाँ पर हुए हैं उसका कारण कि सारे युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए, और विकास जो है वह विकास के बिना विकास का गप्प नहीं होना चाहिए । संतुष्टि के साथ विकास होना चाहिए, संतुष्टि का मतलब है रोजगार और यह विकास उस तरीके से हो की जिसमें कोई भी असन्तुष्ट नहीं रहना चाहिए । और इसलिए इस तरीके से कई सारी योजनाओं को लेकर जब आगे बात बढ़ी है आप लोग भी शायद सुनते होंगे कि सभी को स्वास्थ्य की सुरक्षा मिलनी चाहिए इसलिए आयुष्मान जैसी बहुत बडी योजना वहाँ पर प्रारम्भ हुयी हैं । और अभी तक कई करोंड लोग उसका लाभ ले चुके हैं । यह इतने कम समय में इतने लोगों तक पहुँचने का एक विश्व रेकर्ड उसमें हुआ है । दुनिया के कई देश इस योजना का अध्ययन कर रहें हैं ।

जिस तरीके से लगातार युवाओं को कई तरह के एक केवल परिस्थिति की तन्त्र की जरुरत होती है । उस दृष्टि से भी बहुत सारे प्रयास वहाँ पर हुए । जैसे मुद्रा नाम की बैंक में एक योजना खोली गई जिसमें जो भी आकांक्षाएँ युवाओं की होंगीं जो अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए विशेष प्रकार के लोन की व्यवस्था की गई है । और जिनके पास कौशल है, उनको कौशल प्रमाणित करना, और जिनके पास कौशल नहीं है या जिनको कौशल का विकास करना है उनके लिए बहुत बड़ा कौशल कार्यक्रम वहाँ पर चलाया जाए ।

हरेक जिले में, हरेक शैक्षिक संस्था में यह कार्यक्रम चलाया गया है । और फिर इस के साथ-साथ और कई कार्यक्रम जोड़े गए । कौशल होना कौशल के साथ-साथ फिर चालू होना फिर जिनको भी नया अनुसन्धान करना है उनके लिए नवोन्मेष (innovation) और अटल नवोन्मेष, tinkering labs जो भी नए प्रकार के स्कूले बच्चे करना चाहते हैं, उनके लिए जगह जगह tinkering labs खुले हुए हैं, कि आप कुछ भी प्रयोग करो यहाँ आकर फ्री हैं, आप से जो नया विचार आएगा उसको आप आगे ले जा सकते हैं । फिर नवाचारों प्रयोगशालाओं और यह अटल नवोन्मेष प्रयोगशाला भी लगभग अब २० से ज्यादा आरम्भ हो गई हैं, और भी कई सारी प्रयोगशालाऐं आगे आनेवाले समय में शुरू होगीं । तो युवाओं को हर एक तरीके से संसाधन युक्त करना है । और बहुत सारी विकास में कमियाँ थीं, जैसे बिजली हर गाँव में पहुँचाना, अब आनेवाला लक्ष्य भारत के सामने यह है कि हर घर में बिजली पहुँचे । अभी हर घर में गैस का चुल्हा पहुँचना चाहिए । यह उज्ज्वला एक योजना बहुत बडी योजना ली गई । आज उसके भी आँकडे आप देखेंगें तो करोड़ौं में यह आँकडे हैं और जगह जगह हर गाँव तक यह सारी योजना पहुँची है, और यह गावँ में, देहात में, जनजाति क्षेत्र में, पहाड़ में, महिलाओ के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लायी है । गैस का चुल्हा आया है उसके कारण उनकी स्वास्थ्य पर एक सकारात्मक असर हुआ । उनको समय मिलने लगा, उस कारण से उन्होंने भी कुछ क्षमता अर्जित की उसी कारण नया कुछ आर्थिक जोड़ं उनके पास हुआ । तो ऐसे बहुत सारे प्रयास लगातार चल रहे हैं ।

किसानों के लिए भी उनको जब बीज लगाना होता है तो किसानों के पास पैसे नहीं होते हैं, या उसी चक्कर में वह फंसता है । इसलिए बीज लगाने के समय उनको कुछ पैसे मिलने चाहिए । उसके लिए नयी योजना आयी और आप को पता होगा कि डिजीटिकरण के समय में अब बहुत बडी जो बैंक की योजना बनी कि हरेक का लेखा होना चाहिए । यह कार्य चला और उसके बाद उस लेखा के माध्यम से बहुत सारी योजना के लिए वे लोग अब बैंक में जा सकते हैं । तो करोड़ौं और करोड़ौं लोग बैंकिंग की योजना के तहत आए । वो बहुत सारी ऐसी कई विकास हुयी हैं और जिसके चलते आज जो लोगों का एक aspiration है कि हमें आगे बढ़ना है, और आगे बढ़ते समय केवल कुछ लोग आगे नहीं बढ़ेंगे । तो देश का हरेक व्यक्ति उसमें जुडंना चाहिए चाहे वह गरीब हो, चाहे वह किसान हो, जहाँ कहीं भी रहता हो, अनुसूचित हो, जनजाति हो, हरेक को उसमें मौका मिलना चाहिए । और इसका परिणाम एक व्यापक हो रहा है स्वयं इसका अनुभव भारत के बहुत सारे लोग ले रहे हैं । जो विकास सूचकांक में, GDP में जितनी भी ऐसे मापदण्ड हो सकते हैं उन सब में यह बात उभर कर आ रही है । और भारत में सोच चल रही है कि हमें आगे बढ़ना है । हमे समृद्ध होना है, तो उसमें एक लाइन जमीनी स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण है, वह जमीनी स्तर यह है कि दुनिया में किसी को शोषण करते हुए यह विकास नहीं होना चाहिए । लेकिन दुनिया में ऐसे भी बहुत देश हैं कि जिनका आर्थिक विकास हुआ शायद वह दुनिया में बहुत विकसित देश भी कहलाए गए, कहलाए जाते हैं, लेकिन उनके इतिहास में भी यह दुनिया भर में इतने सारे लोगों की कीमत पर विकास यह उनका इतिहास नहीं हैं । लेकिन यह जो भारत का विकासात्मक मॉडल है यह विकासात्मक मॉडल का विशेषता यही है कि दुनिया के किसी भी देश को चाहे वह छोटा हो, या बड़ा हो, उसका शोषण करते हुए आगे नहीं बढ़ना है । तो अपने विकास के साथ-साथ दुनिया के और जितने भी लोग हैं उनको भी इस विकास यात्रा में कैसे शामिल कर सकते हैं । इस उद्देश्य के साथ यह यात्रा प्रारम्भ हुयी है । और अगर इस बात को देखना समझना है, और यह बात, और दुनिया

के सभी लोगों को शामिल करते हुए करनी है, तो जैसे उल्लेख हुआ था पिछले दिनों भारत के प्रधानमन्त्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के कई देशों में गए हैं । ५० से ज्यादा देशों में तो उनका काफी गहन प्रवास हुआ है । और इन यात्राओं में काफी सारा संवाद हुआ । स्वाभाविक ही था पहले जो चार पाँच देशों में वह गए, उनमें प्राथमिकता से नेपाल भी था । और यह बात भी महत्वपूर्ण थी की जब उन्होनें शपथ ली तब भी सार्क देशों के नेपाल सहित राष्ट्र प्रमुख लोगों को प्रधानमन्त्री या राष्ट्रपति को वहाँ पर निमन्त्रित किया गया था । और मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उस समय नेपाल के भी तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री सुशील कोइरालाजी वहाँ पर उस शपथ विधि कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदीजी के यहाँ उपस्थित थे । तो यह जो पुरा एक डिजाईन विकास का है, जो भारत के विकास का वह सबको साथ लेकर सबको जोड़ते हुए यह विकास का पूरा योजनाबद्ध कार्यक्रम चल रहा है । और इसमें कई बार विदेश नीति का मतलब केवल राजनयिक और राजनीतिक सम्बन्ध या व्यापारिक सम्बन्ध या संघर्ष समाधान के लिए कुछ वार्ताएँ, या सीमा विवाद के लिए कुछ वार्ताएँ इससे परे जाकर, इससे आगे बढकर, इससे परे एक संचार करने की प्रयास लगातार भारत की तरफ से किया जा रहा हैं ।

भारत की जो संस्कृति है वह नेपाल की संस्कृति से अलग नहीं है । तो वह तो एक साझा संस्कृति है, एक ही है । उस संस्कृति और ज्ञान के जितने भी विषय हैं उसको दुनिया में जिसके ऊपर हम सभी को, भारत और नेपाल गर्व है उसको दुनिया के पास पहुँचाने का, स्थापित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है । सम्माननीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी के दुनिया भर से जितनी भी प्रवास और यात्राएँ हुयी उन यात्राओं से अगर क्या निकला याने कूटनीति, राजनीतिक सम्बन्ध, व्यापार इससे आगे क्या निकला है तो वह भी मुझे लगता है कि काफी महत्वपूर्ण है । अगर इससे पहले मैं बताऊँगा कि अभी अभी अर्न्तराष्ट्रिय योग दिवस की भी घोषणा हुयी है । यह भारत और नेपाल के सभी लोगों के लिए गर्व का विषय है । यह सभी लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है कि दुनिया के सर्वानुमति मतलब किसी का विरोधी नहीं है, सभी देशों की उपस्थिति से,

बिना किसी विवाद से, दुनिया की सभी देशों ने अर्न्तराष्ट्रिय योग दिवस को मान्यता दी और यह आज सभी इस परम्परा को लेकर चलते हैं ।

हिन्दु और यहाँ के सनातन परम्परा में हजारों वर्षों से योग की परम्परा है । जब किसी धर्म का जन्म भी नहीं हुआ था, उसके पहले से ही यह परम्परा जो धरोहर के रूप में एक हमारे पास साझा रूप में है । उसको दुनियाभर की मान्यता देने में उन्होंने बहुत बढ़ा योगदान दिया है । और आज चाहे वह लोकतांत्रिक देश हो, चाहे दूसरे देश, चाहे इसाई देश हो, चाहे इस्लामिक देश हो या बुद्ध देश हो किसी भी प्रकार का देश हो, धार्मिक दृष्टि से, राजनैतिक दृष्टि से, राजनीतिक विचार की दृष्टि से, सरकार के प्रणाली के दृष्टि से,एक अगर सामान्य बात उसमें हुयी होगी तो अपनी सांस्कृतिक धरोहर जो योग है उसको पूरी दुनिया में एक मान्यता मिली है । मैं बोल रहा था कि राजनीतिक और व्यापारिक सम्बन्धों से परे इस सम्बन्ध को विकसित करने का एक लगातार प्रयास किया जा रहा है ।

पर्यावरण के बारे में पुरी दुनिया चिन्तित है । और नेपाल और भारत के बारे में अगर कहा जाए तो पर्यावरण के बारे में और उसके प्रति अपना एक प्रेम जिसको हम प्रकृति पूजा कह सकते हैं । नदी की पूजा करना, पहाड़ की पूजा करना, पशुओं की, पंक्षियों की, वृक्ष की पूजा करना और उसको अपने एक भगवान या माँ के समान स्वरूप में मानना, यह बात केवल पहाड़ में रहनेवाले या जनजाति क्षेत्र में नहीं, तो मुम्बई जैसे शहरो में रहनेवाले या बड़े बड़े काठमाडौं से लेकर कहीं भी रहनेवाले जो लोग हैं उनके अन्दर समान रूपसे हमको दिखती है । आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण के बारे में पिछले दिनो में जो भी विकासात्मक अभ्यास हुआ जो भी तकनीकी नवाचार हुए जिससे दुनिया को लाभ बहुत हुआ, लेकिन साथ-साथ तकनीकी और पर्यावरण की देखभाल के बिना विकास, प्रकृति की देखभाल के बिना यह जो उसका टैग लाइन था वह ज्यादा underline हो गया है । और उस कारण दुनिया के सामने बहुत बड़ा संकट आया है । आज भी अगर  दुनिया में अगर यह देखा जाए तो मुझे लगता है कि जो लोग इस प्रकृति पूजा को मानते हैं, उन्होंने ही

अधिकतम अपनी प्रकृति को माँ के रूप में रखा है । भारत में भी इस पर भी कई सारी विस्मरण हुआ इन बातों का इस कारण से हम सब के लिए पवित्र गंगा माँ भी अशुद्ध हुयी थी, और भी नदियाँ । नदियों के बारे में नेपाल भी चिन्तित है, उसकी सफाई के बारे में और उनके प्रवाह के बारे में, हिमाल के बारे में । तो और गंगाजी को शुद्ध करने का एक बहुत बड़ा अभियान चला और आज मुझे बताने में खुशी है कि बहुत सारा गंगाजी का जो क्षेत्र है वह आज काफी शुद्ध हुआ है, और इस बार जब कुम्भ हुआ है तो प्रयागराज में वह कुम्भ पहले भी होता था इलाहावाद में । अभी प्रयागराज में हुआ है, और प्रयागराज में यह कुम्भ हुआ तो प्रयागराज में जो भी सबलोग आए, उन सब लोगों ने गंगाजी का जल शुद्ध इतना था कि सबने स्नान भी किया । २७ करोड़ लोग आए थे उसमें । और एक एक पर्व पर आठ करोड़, ५ करोड़, इतने लोग आए और इस सारे कारण दुनिया में हम सब के लिए जो पवित्र गंगा है उसका एक सन्देश गया है कि अगर हम प्रकृति के रूपमें इस बात को देखते हैं तो सब मिलकर बहुत कम समय में हम लोग ठीक कर सकते हैं, यह सन्देश हम लोगों के लिए भी था और  दुनिया के लिए भी था । और आप को पता हि है कि जो कुम्भ हुआ है यह कुम्भ में भारत में विभिन्न देशों के कूटनीतिक व्यक्ति भी आए हैं । मुझे लगता है लगभग १३० से ज्यादा मुलुक के आदमी उस एक दिन में आए थे । बाँकी लोग अलग अलग समय पर आकर लगभग सभी देश के जितने भी राजनीतिक, कूटनीतिज्ञ हैं वह सभी यह कुम्भ दर्शन करने के लिए आए थे, और उन्होंने वहाँ की सफाई और वहाँ की शुद्धता को देखा है ।

एक हिन्दू पर्व में, एक साफ सुथरा पर्व होना, इतने करोंड लोग आने के बाद भी सफाई रहना और समय पर होना, अव्यवस्थित नहीं होना । यह बात मुझे लगता है कि  दुनिया में, जो हिन्दु समाज है, और उनके जो परम्पराएँ हैं उनका एक पूरा सम्मान बढ़ाया है । और जिसके लिए नेपाल के हर व्यक्ति उसके लिए खुद स्वयं को एक गर्व से इस बात को मान सकते हैं । देखिए गंगाजी की शुद्धता, कुम्भ का स्वच्छ तरीके से होना यह बहुत बड़ी बात है, और दुनिया में कई देश होंगे जिनकी एक

दिन में जितने जनसंख्या नहीं हैं उतने लोग एक दिन में प्रबंधन वहाँ पर आके स्नान कर के आराम से गए हैं ।

यह बातें मैं इसलिए बता रहा हूँ कि विदेश नीति और कूटनीतिक सम्बन्ध जो हैं इसमें और कई सारे नए आयाम जुड़ चुके हैं और जिसने और एक व्यापक स्वरूप एक और उच्च स्तर पर उससे एक अपना नजरिया विकसित हुआ है । आज अगर मैं कहूँ तो जिस तरीके से भारत में जो भी क्षमता विकसित हो रही है, आज भारत में उपग्रह के सन्दर्भ में एक बहुत अच्छी क्षमता का विकास हुआ है । लेकिन उस क्षमता का विकास होने के साथ साथ उसकी वह क्षमता भी हुयी है कि वह अभी दो दिन पहले ही उपग्रह जो उसकी मिसाइल विरोधी क्षमता है उसका परीक्षण हुआ और वह बहुत साफ तरीके से हुआ है और जो अपने आप में एक चौथा देश मतलब अमेरिका, चीन और रसिया के बाद अब भारत मुख्य रूपसे चौथा देश हुआ इन चार देशों के पास ही अभी यह क्षमता है ।

यह उसका महत्वपूर्ण आयाम है लेकिन उससे महत्वपूर्ण आयाम यह है कि जैसे कि अपनी संस्कृति है कि कोई भी काम रचनात्मक सृजनात्मक होना चाहिए । तो वह झलक इस उपग्रह की नीति में भी है । और भारत की जो क्षमता है वह सस्ते में पूरी दुनिया के लिए उपलब्ध हो रही है । दुनिया के कई सारे देश अपने उपग्रह को शिक्षा के लिए, वातावरण के लिए, खेती के लिए इसके माध्यम से लगातार भेज रहे हैं । और जिसका बहुत सारा लाभ दुनिया के सभी देशों को अपने विकास में मिल रहा है । और यह अपनी तरीके से यह रिश्तों को देखने की अपनी पद्धति है कि अपने पास जो भी क्षमता आए वह विनाश के लिए नहीं । हर सक्षम व्यक्ति को ऐसा होना चाहिए ताकि कोई हमारा विनाश ना करे लेकिन अपने पास जो भी क्षमताएं हैं उसको पूरी दुनिया के कल्याण के लिए उपयोगी कैसे किया जा सकता है । इस सन्दर्भ में इन सारी क्षमताओं को लेकर भारत आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है और अपने सारे सम्बन्धों में यह एक स्वाभाविक रूपसे ऐसा एक कोण अपने विदेश नीति और सम्बन्ध में भारत सरकार ने जोड़ा है । अभी एक बहुत बड़ा विषय पूरी दुनिया

के सामने है और वह है आतंकवाद । क्योंकि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं वह तो पूरी मानव जाति के लिए एक बहुत ही खतरनाक चीज है और मानवता विरोधी है यह । और दुर्भाग्य से कुछ राष्ट्र भी ऐसे हैं कि जो लोग खुद अपने राज्य की नीति के रूप में अपनी राज्य की मशीनरी का उपयोग करते हुए आतंकवाद को समर्थन कर रहे हैं । लेकिन एक खुशी की बात इसमें यह है कि निश्चित रूपसे आतंकवाद की जो काली छाया है वह दुनिया के बहुत देशों तक पहुँची है, और जिसको हम विकसित देश कहते हैं उन तक भी यह काली छाया पहुँची है । अपनी अपनी आतंकवाद की लड़ाई तों बहुत सारे लोग लड़ रहे हैं लेकिन भारत की जो आतंकवाद के विरुद्ध की लड़ाईं है उसमें भारत अपनी क्षमता तो बढ़ा ही रहा है, जिस में सर्जिकल स्ट्राइक भी आता है, जो म्यानमार की सीमा के अन्दर चल रहे आतंकवादी अड्डों पर भी हुयी और पडोसी देश पाकिस्तान के चल रहे अड्डों पर भी हुयी । दो प्रकार से हुयी, उरी के बाद भी हुयी, पुलवामा के बाद भी हुयी । लेकिन यह क्षमता तो बढ़ती चली जाएगी लेकिन महत्व का मुद्दा यह है कि इसमें भी अब धीरे धीरे दुनिया के सभी देशों के साथ बात करते करते दुनिया के कई सारे देश और इस बार पुलवामा के बाद UNO में सभी देशों ने साथ में मिलकर आतंकवाद के खिलाफ अपना प्रस्ताव पारित किया है । मुझे लगता है कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राजनयिक सम्बन्धों के माध्यम से जो वह वार्ताएँ चलीं जिसमें सबका बहुत बड़ां योगदान रहा । तो अब आतंकवाद के खिलाफ जो लड़ाई है, उसमें साथ आए हैं । और विशेष बात यह हुयी कि जो इस्लामी देशों का संगठन है उसमें भी जो आतंक का साथ दे रहे हैं उनको नहीं बुलाया गया और जो आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई चल रही है सभी इस्लामिक देशों का जो संगठन है उसमें भारत के विदेश मन्त्री माननीय सुषमा स्वराजजी को निमन्त्रित किया गया । यह वैसे देखने में केवल भारत की उपलब्धि नहीं है मैं मानता हूँ कि सारे लोग जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ना चाहते हैं, तो उनको दुनिया के किसी भी कोने से समर्थन नहीं मिलना चाहिए । किसी भी देश किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूपसे समर्थन नहीं देना चाहिए और सब लोग इसके खिलाफ खड़े होने चाहिए, इस दृष्टि से जो

एक पहल भारत और भारत सरकार के द्वारा हुयी है और मैं इस मंच से सभी देशों का अभिनन्दन और धन्यवाद भी करना चाहता हूँ कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में साथ दिया है, समर्थन दिया है और नेपाल स्वयं लगातार आतंकवाद के खिलाफ यह जो लड़ाई चल रही है उसमें लगातार आगे है और भारत के ऊपर भी जब संकट आता है तो हमेशा साथ रहा है, मैं उसका विशेष रूपसे यहाँ उल्लेख करना चाहूँगा। और आतंकवाद एक भयंकर स्वरूप लेता जा रहा है, जिसका भयंकर भयंकर स्वरूप जो है वह लगातार देखने को मिल रहा है।

दुनिया में इसलिए आतंकवाद ऐसी चीज नहीं हो सकती जिस पर किसी को राजनीति करनी चाहिए। और भारत दुनिया के और भी कुछ देश जो इस बारे में दुविधा में हैं उनको भी लगातार कूटनीतिक तरीके से समझाने का प्रयास कर रहा है कि जो भी किसी तरीके से आतंकवाद का समर्थन करेगा वह यह गलत फहमी में ना रहे कि उसके ऊपर कभी आतंकवाद का साया नहीं आएगा। क्योंकि आतंकवाद यह हमारे पुराणों की ब्रम्ह राक्षस कहानी जैसा है जिसको वरदान देने से वह पलट के बोलता है कि अब मैं वरदान का प्रयोग आपके सर पर ही हाथ रखकर करुँगा।

इसलिए मुझे लगता है कि सभी लोगों को मैं इस मञ्च से आप लोगों को और आज नेपाल में हूँ तो नेपाल सरकार को भी, मैं इस निमित्त पुनः एक बार धन्यवाद भी देकर आह्वान करता हूँ कि लगातार इस आतंकवाद की लड़ाई में साथ देना है, साथ रहना है और आगे आतंकवादको पूरी तरह समाप्त करने तक आगे बढ़ते जाना है। क्योंकि एक बात और इसमें समझने की यह है कि जो भी बात हम लोग लगातार एक बात अगर देखेंगे कि भारत और नेपाल के रिश्तों के बारे में भी जैसे आपने कहा कि कुछ कहना बहुत जरूरी है मुझे लगता है कि नेपाल भारत के रिश्तों में चढ़ावी ज्यादा है उतार कभी कभी आते हैं, रास्तों में कभी कभी तो आते हैं ना गड्डा कभी कभी आते हैं। लेकिन चढ़ावी ज्यादा हैं और बहुत ज्यादा अच्छा है। भारत की जो नीति है भारत के लोगों की जो है, मैं अगर एक बात कहूँ कि कभी कभी समान दूरी की चर्चा होती है कूटनीति में और दुनिया में, कभी गुटनिरपेक्ष की

भी भारत में भी कभी कभी चर्चा होती थी समान दूरी की भी चर्चा कभी कभी आजकल चलती रहती है। मैं कहता हूँ कि भारत की दृष्टि से अगर मैं देखूँ तो नेपाल जो है तो भारत सरकार या भारत के लोग समान दूरी गबारा नहीं हैं भारत के लोग और भारत सरकार के लिए नेपाल हमेशा विशेष है और बहुत नजदीकी का है, हमेशा का है। और इसलिए मुझे लगता है कि यह समान दूरी हो ही नहीं सकती भारत से। समान दूरी भी बहुत कम है शारीरिक रूप से। सीमा भी खुली है और यह जैसा बोला जाता है रोटी बेटी लेकिन उससे ज्यादा बहुत कुछ है। याने आज के आधुनिक समय में जितने भी विषय हैं, वह सब में भी बहुत सारी बातें हैं, आतंकवाद का ही मैं विषय ले लूँ।

आतंकवाद के बारे में जो संकट भारत के लिए आया, वह संकट नेपाल के लिए भी रहेगा हमेशा क्योंकि हमारी ओर यह पहले भी हुआ है और इसलिए इस बारे में किसी को भी ऐसा हम लोग नहीं कह सकते कि हमं लोग के बीच में अलग अलग संकट है। संकट एक ही है आतंकवाद के बारे में। अगर मैं कहूँगा भूगोल के बारे में तो हम लोगों की नदियाँ, हम लोगों का हिमालय यह सब जुडां हुआ है जिसको अलग नहीं किया जा सकता। हम यह नहीं कर सकते। और इससे जो नये पर्यावरण के विषय आ रहें हैं या शक्ति के विषय आ रहे हैं वह सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। और इसमें अगर मैं कहूँ कि ज्योतिर्लिङ्ग अगर १२ भारत में होंगे तो भगवान पशुपतिनाथ और मुक्तिनाथ यहाँ हैं, अगर यहाँ पर गण्डकी होगी तो वहाँ गंगाजी और बहुत सारी नदियाँ हैं। तो हम अलग नहीं हो सकते। अगर यहाँ भगवान बुद्ध का जन्म स्थान लुम्बिनी है तो वहाँ गया, सारनाथ और कुशीनगर है। तो यह मतलब हम लोगों को बहुत समय से हर चीज अगर हम जितने भी चीज अगर निकाल के जाएँगे, अगर भाषाएँ हैं तो उनको भी हम अलग नहीं कर सकते।

साहित्य, कला, हमारे ग्रन्थ हमारी ज्ञान परम्परा हुए तो कोई भी चीज और आज का हमारा विकास पर्यावरण, आतंकवाद या जो भी आज के मुद्दे भी हम ले लें तो मुझे लगता है कि किसी भी तरीके से यह न समान दूरी हो सकती है न इसका कुछ दूसरे तरीके से सौदा किया जा सकता है। जैसे मैंने कहा भारत के लोगों के लिए और भारत की सरकार

के लिए तो यह समान दूरी नहीं है । बिल्कुल विशेष है नेपाल के बारे में सोच । और दूसरा मैं एक और बात इसमें जोड़ना चाहूँगा कि विकास जो है कभी भी अलगाव में नहीं हो सकता, भारत का भी नहीं हो सकता ।

भारत भी अगर विकास के बारे में सोचता है तो आज हम तकनीकी से जिस तरीके जुड़ रहे हैं और जिस तरीके से मैंने सारी बाते बताईं तो मुझे लगता है कि जो विकास योजना होंगी भारत की उसमें निश्चित रूपसे नेपाल के योगदान और नेपाल के सहभाग के बिना वह पूरी नहीं हो सकती हैं । और स्वाभाविक रूपसे नेपाल और भारत की विकास यात्रा जो है वह साथ में चल सकती हैं और तभी हम एक साथ आगे आनेवाली मंजिल पर पहुँच सकते हैं । और इसलिए यह अलगाव मुझे नहीं लगता है कि ऐसा कोई विकास का रास्ता किसी के लिए भी बन सकता है और भारत की दृष्टि से मैं कहूँ तो हम लोग तो सब "वसुधैव कुटुम्बकम्" के विचार से चलनेवाले हैं और उसमें फिर नेपाल के लिए तो हमेशा भारत के दरवाजे केवल सीमा पर नहीं तो वह सरकार में, लोगों के दिल में लगातार खुले हैं और इसलिए भारत में अगर कोई नेपाल के बारे में चर्चाऐं होती हैं तो वह हमेशा सकारात्मक चर्चाऐं ही होती हैं, सकारात्मक चर्चा होती है । किसी भी जगह चले जाइए आप उत्तर में, दक्षिण में, किसी तीर्थ पर चले जाइए तो एक सकारात्मक चर्चा ही आप लोगों को और आपका स्वागत्य अनुभव मिलेगा । और रिश्तों के बारे में ऐसा है कि रिश्तों में हमेशा मुझे लगता है कि वर्तमान और भूतकाल दोनों की समान भागीदारी होती है । अगर केवल वर्तमान के कुछ वर्षों के आधार पर अगर रिश्तों को तय कर लिया जाए तो बहुत सारी समस्याएँ आती हैं व्यक्तिगत जीवन में भी होती है, परिवार के जीवन में भी होती हैं और राष्ट्र के जीवन में भी होती हैं । तो जो रिश्तों को बारे में जब सोचना होता है मुझे लगता है मेरा व्यक्तिगत विचार है यह, तो बहुत वर्षों का इतिहास और वर्तमान की स्थितियाँ दोनों का मिलाव करते हुए कुछ रास्ते निकालने पड़ते हैं ।

तो मुझे लगता है कि अलगाव में न वह केवल विगत पर किया जा सकता है न वर्तमान पर किया जा सकता है । अतीत और वर्तमान का

सबसे अच्छा संयोजन ही सबसे अच्छा भविष्य प्रदान कर सकता है। यही एकमात्र संभावना है। मुझे लगता है कि भारत और नेपाल के रिश्तें में भारत के लोग और नेपाल के लोग दोनों की बराबर की भूमिका है। और इसलिए मुझे लगता है कि हम लोगों के पास जितने भी यह कई सारे ऐसे माध्यम हैं, जिसमें हमारे धार्मिक आयोजन हैं, सामाजिक आयोजन हैं, हमारे साहित्य हैं, हमारे चलचित्र हैं और हमारे पर्यटन हैं हमारे आनेवाले समय में ऐसी बहुत सारी चीजें डिजाइन हो सकती हैं, पर्यटन के बारे में भी कई साधारण पैकेज बन सकते हैं, जैसे आपने उल्लेख किया रामायण सर्किट रुट का। वैसे बहुत सारे ऐसे सामान्य पैकेज आनेवाले समय में बन सकते हैं। पूरे हिमालय के भ्रमण का भी पैकेज बन सकता है। बहुत सारे चीजें हो सकती हैं और मुझे लगता है कि बहुत सारे रास्ते अभी भी हमारे लिए प्रतीक्षारत हैं, आनेवाले समय के लिए। और मैं निश्चित रूपसे एक बात कहना चाहूँगा कि दुनिया में बहुत सारे ऐसे देश हैं कि जो मौकों का फाइदा लेते हैं किसी की परिस्थिति का फाइदा लेते हैं, लेकिन भारत के बारे में एक बात मैं निश्चित रूपसे पुराने इतिहास से लेकर वर्तमान तक कह सकता हूँ कि भारत कैसा व्यवहार करता है विशेष परिस्थिति में। इसको अगर समझना है तो मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूँ। सन् १९७१ में बांग्लादेश के बुलावे पर भारत की सेना उनकी मदद के लिए गयी थी। लेकिन उस विशेष परिस्थिति के बाद निर्माण क्या हुआ ? एक स्वतन्त्र लोकतान्त्रिक बांग्लादेश का निर्माण हुआ। यह बहुत महत्वपूर्ण है दुनिया में ऐसे उदाहरण हैं कि ऐसी परिस्थितियों में क्या घटित हुआ है। एशिया से लेकर दुनिया के सब महाद्वीप में इसके उदाहरण हैं। भूटान आकार की दृष्टि से बहुत छोटा है लेकिन विचार की दृष्टि से वह खुशी सूचकांक की बात करता है तो बहुत महान देश है। लेकिन उसकी महानता को समझकर उसके साथ हमेशा खड़े रहने का अपनी शक्ति उसके पक्ष में उपयोग करने का और उसके लिए जरुरत पड़ने पर बड़ी से बड़ी शक्ति से भी लोहा लेने का काम भारत ने लगातार किया और हाल में भी किया है। सब के सामने है उल्लेख करने की जरुरत नहीं है। उदाहरण की लिस्ट और भी लम्बी हो सकती है। लेकिन मेरा कहने का मतलब यह था कि अपने भारत की और केवल भारत की ही नहीं हम

सबकी जो साझा संस्कृति है, सनातन संस्कृति है उसकी यह विशेषता ही है कि वह शक्ति अर्जन करने के लिए बोलती है, दुनिया में बहुत शक्तियाँ हैं, लेकिन उनका इतिहास है कि शक्ति आने के बाद वह अपनी शक्ति का उपयोग अपनी सत्ता को स्थापित करने के लिए या अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए करते हैं ।

दुनिया में इसलिए कई राष्ट्रों के गुलामी का इतिहास है पिछले शताब्दी में । किसी को परमाणु बम का सामना करना पड़ा है, और अभी भी कई राष्ट्र हैं जो अपने पेशा के लिए लड़ रहे हैं तो दुनिया में यह भी इतिहास है । लेकिन हम लोगों की जो सनातन संस्कृति है वह इसके लिए अनुमति नहीं देती, वह यह कहती है कि आप शक्ति का अर्जन करो और शक्ति सम्पत्ति अर्जन है तो उसको दूसरों की सहायता करो । अगर आपके पास शक्ति है तो जैसे श्रीमद्भगवतगीता में कहा है कि "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्" ।

यह दो शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं, अपनी शक्ति का उपयोग जो अच्छे लोग हैं उनकी रक्षा के लिए करो और जो दुर्जन शायद दूसरों पर हमला कर सकते हैं उनके निदान, अन्त के लिए करो । महाराष्ट्र से मैं आता हूँ वहाँ के एक बहुत प्रसिद्ध सन्त हैं उन्होंने मराठी में कहा है कि दया किसका नाम है, तो दया केवल सज्जन लोगों का रक्षण करने से नहीं होता, जो दुष्ट लोग हैं उनका निर्दलन करने के लिए जब तक हम नहीं ताकत लगाएँगे, क्योंकि आपने सज्जन लोगों को बचा लिया लेकिन और कोई कर देगा तो समान रूपसे आपको अपनी शक्ति की रक्षा के लिए तैनात करना होगा । तो यह एक पूर्ण मोडल है । और मुझे लगता है कि अपने यहाँ जो सनातन ज्ञान है वह यही है ।

दुनिया में आगे बढ़ने के लिए वह ज्ञान जो है हमारा जो हमें वेदों से, उपनिषदों से, हमारे रामायण, महाभारत जैसे उदाहरणों से हमें मिला है । वह आनेवाले समय में हम सब लोगों के एक ऐसे विकास के काम आएगा कि जो केवल एक शक्तिशाली देश नहीं होंगें केवल संमृद्ध देश नहीं होंगे । तो उसके साथ साथ वह महान राष्ट्र भी होंगे एक महान देश होंगे । क्योंकि हमारे लिए जितनी महत्वपूर्ण शक्ति है उतना ही महत्वपूर्ण

धन भी है, जितनी महत्वपूर्ण शक्ति है उतनी ही महत्वपूर्ण है हमारी महानता और हमारे मूल्य । उसीसे हम लोग दुनिया में हमें विशेष रूपसे माना जाता है । आज अन्तर्राष्ट्रिय योग दिवस हुआ है, आनेवाले समय में पुरी दुनियाको आयुर्वेद चाहिए, हर्बल औषधि चाहिए, परिवार की जो व्यवस्था आज हमारी सनातन संस्कृति में है वह दुनियाको चाहिए, क्योंकि नेपाल और भारत में अभी १० प्रतिशत से भी कम विवाह-विच्छेद का रेट है, और अमेरिका में ४६ प्रतिशत, लक्जम्बर्ग में ६६ प्रतिशत और पोर्चुगल में तो ७१ प्रतिशत है, दुनिया के ऐसे कुछ देश भी हैं जहाँपर ८७ प्रतिशत से भी ज्यादा है विवाह-विच्छेद का रेट ।

पूरी दुनियाको पैसा, बिजनेस ही काफी नहीं उनको पारिवारिक पर्यावरण भी देना चाहिए, उनको एक खुश परिवार भी देना चाहिए ताकि उनके बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल भी हो । इसीलिए इसमें नेतृत्व करने का समय आ गया है । लोग जैविक की ओर जा रहे हैं, लोग मूल की तरफ जा रहे हैं, लोग परिवार की तरफ जा रहे हैं, यह हमारे पास सबसे ज्यादा है । और आनेवाले समय में पूरी दुनिया यह चाहती है । तो मुझे लगता है कि यह पूरी दुनिया को देने का काम हम, केवल भारत ही नहीं, नेपाल और भारत मिलकर सब से अच्छा काम कर सकते हैं । और इसलिए हम लोग आनेवाले समय में साथ में रहते हुए समृद्ध बनेंगे और प्रफुल्ल भी बनेंगे । हमारी जो शक्तियाँ होंगी, हमारे रिश्ते भी बहुत अच्छे होते जाएंगे । लेकिन आनेवाले समय में साथ मिलकर ये योजनाएँ भी होंगी कि हम लोग पूरी दुनिया को जो आज उनको चाहिए वह देने के लिए अपने देश में, अपने समाज में उसका एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करेंगे और आगे बढ़ते जाएँगे । मैं कुछ दिनों पूर्व रसिया के चुनाव के समय में एक अन्तर्राष्ट्रिय पर्यवेक्षक के रूपमें वहाँ गया था । तो वहाँ कई सारे यूरोपियन देश के लोग आए थे । वह पूछ रहे थे अपने अपने देश की बात चल रही थी, कौन सी चीज कहाँ कितनी पुरानी है, यह चीज पुरानी है, वह चीज पुरानी है, तो मैं कुछ बोला नहीं वहाँ पर । वह सब अपना अपना बोल रहे थे फिर मुझसे पूछा अभी पिछले मार्च की बात है । यह आप का जो नमस्कार संस्कृति है वह कितना पुराना है ? तो मैंने कहा वह तो पता नहीं कितना पुराना है, लेकिन हजारों हजारों वर्षों से है,

और उन्होंने पूछा कि यह कहाँ का हैं ? तो मैं उनको यह तो नहीं बोल सकता कि यह केवल भारत में ही है । तो मैंने उनको बताया कि यह तो भारत में और नेपाल में भी है, लेकिन नेपाल में तो नमस्ते ब्रान्डींग है पूरा । और मैंने कहा कि यह हजारौं वर्षों से है, और उन्होंने सही बोला कि आपसे इस बारे में बहुत कुछ सीखने लायक है ।

तो मुझे लगता है कि अभी यह समय हीनभाव, विवाद और झगडे का नहीं, यह तो बहुत गर्व के साथ हमें अपनी संस्कृति के विषय में खड़े होने का समय है, और पूरी दुनिया को देने का समय आया है । एक समय पश्चिम में और दुनिया के बहुत सारे देशों में हम लोगों का यहाँ से ही भगवान बुद्ध का सन्देश गया था । तो मुझे लगता है कि हम लोग तो देने का काम करनेवाले गुरु का काम नेपाल और भारत के पास है । तो मुझे लगता है उसी बातको समझते हुए हम सब लोग आगे बढ़ सकते हैं । उसी दृष्टि से भारत की जनता, भारत की सरकार और सभी लोग प्रयास में लगे हैं, अभी चुनाव चल रहा है । चुनाव के बाद भी जैसी परिस्थितियाँ होंगी तो उसमें यह जो प्रक्रिया चल रही है, यह मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूँ क्योंकि यह केवल राजनैतिक प्रक्रिया नहीं है, यह तो पूरी जनता की और समाज की है । और  इसलिए इसी गति से आनेवाले समय में भी आगे बढ़ेगी । आप का भी सहयोग उसमें लगातार बना रहेगा इस पूरे विश्वास को मैं व्यक्त करता हूँ और अपनी बात को यहीं पर विराम देता हूँ ।

भारत माता की जय ।

नेपाल आमाको जय ।



**नलिनी ज्ञवाली**

नेपालका लागि भारतीय राजदूत महामहिम श्री मञ्जीव सिंह पुरीजी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्का राष्ट्रिय संगठन मन्त्री तथा आजका प्रमुख वक्ता श्रीमान् सुनील अम्बेकरजी र उपस्थित मित्रहरू । आज यो सौभाग्यको कुरा हो कि भारतका उदीयमान नेता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्का राष्ट्रिय संगठन मन्त्री श्रीमान् सुनील अम्बेकरजीबाट हामीले बहुत महत्वपूर्ण भाषण सुन्न पायौं । जगजाहेर छ कि आज भारत ऐतिहासिक रूपमा जागेको छ र स्वयं राष्ट्रे जागृयाम् को वैदिक उद्घोषबाट प्रेरित भएर अगाडि बढिरहेको छ । यस सन्दर्भमा श्रीमान् अम्बेकरजीले 'उदीयमान भारतका आकांक्षा र यसको परराष्ट्रनीति' भन्ने विषयमा जुन भाषण दिनुभयो यो बड़ों समसामयिक विषय हो र यसमा हामी सबैको ठूलो अभीरूचि छ भन्ने मलाई लाग्छ ।

राष्ट्रिय जागरणका विभिन्न चरण हुन्छन् । सन् १९४७ मा स्वतन्त्र हुनु भारतीय जागरणको एउटा प्रमुख चरण थियो । सन् १९९० को दशकका शुरूदेखि भारतले गर्न थालेको तीव्र आर्थिक प्रगति त्यस जागरणको अर्को प्रमुख चरण थियो । गत सन् २०१४ मा सम्पूर्ण अपेक्षाहरूका बावजूद भारतीय जनता पार्टीले स्पष्ट बहुमत ल्याएर केन्द्रमा बलियो सरकार

बनाउनु पनि भारतीय जागरणको एउटा ठूलो ऐतिहासिक चरण हो भन्ने मलाई लाग्छ । एक अर्थमा त्यो घटनालाई सन् १९४७ कै घटना जस्तो महत्वपूर्ण थियो । यस सन्दर्भमा श्रीमान् सुनील अम्बेकरजीले 'उदीयमान भारत र यसको परराष्ट्रनीति' भन्ने विषयमा जुन भाषण दिनुभयो त्यसले भारत र उसका निकटतम छिमेकी नेपाल जस्ता देशमा ठूलो महत्व राख्छ । हामीलाई आशा छ भारतको तीव्र आर्थिक विकासबाट नेपाल पनि लाभान्वित हुनेछ । साथै हामी यो पनि आशा गर्छौं कि भारतीय जनता पार्टीको नेतृत्वमा भारतले नेपालजस्ता छिमेकीहरू सितको सम्बन्धमा समेत नयाँ आयाम थप्नेछ ।

आजको यस कार्यक्रममा आफ्नो महत्वपूर्ण भाषण दिनुभएकोमा श्रीमान् सुनील अम्बेकरजीलाई म आफ्नो तर्फबाट, नीति आनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपालको तर्फबाट र यहाँहरू सबैको तर्फबाट धन्यवाद व्यक्त गर्दछु । साथै यस कार्यक्रममा उपस्थित भई आफ्नो महत्वपूर्ण वक्तव्य समेत दिएर हामीलाई हौसला प्रदान गर्नुभएकोमा नेपालका लागि भारतीय राजदूत महामहिम श्री मञ्जीव सिंह पुरीजीलाई पनि म आफ्नो तर्फबाट, नीति आनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपालको तर्फबाट र यहाँहरू सबैको तर्फबाट धन्यवाद व्यक्त गर्दछु । अन्त्यमा, म यहाँ उपस्थित भई यस कार्यक्रमलाई सफल बनाउनु भएकोमा यहाँहरू सबैलाई म आफ्नो तर्फबाट र नीति आनुसन्धान प्रतिष्ठान, नेपालको तर्फबाट धन्यवाद व्यक्त गर्न गर्दछु ।

धन्यवाद ।

## Aspirations of Emerging India and its Foreign Policy









ishthan, Nepal (NeNAP)
ogram
ia and Its Foreign Policy
1st March 2019
, Kathmandu
SHANGRI-LA






Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
Aspirations of Emerging India and Its Foreign Policy
Date: 17th Chaitra 2075, Sunday | 31st March 2019
Venue: Hotel Shangri-La, Lazi , Kathmandu
SHANGRI-LA


Aspirations of Emerging
Kathmandu


Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
Aspirations of Emerging
Date: 17th Chaitra 2075, Sunday


Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
Aspirations of Emerging India and Its Foreign Policy
March 2019
Kathmandu


Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
Aspirations of Emerging India and Its Foreign Policy
Date: 17th Chaitra 2075, Sunday | 31st March 2019
Venue: Hotel Shangri-La, Lazimpat, Kathmandu
SHANGRI-LA


Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
spirations of Emerging India and Its Foreign Policy
Date: 17th Chaitra 2075, Sunday | 31st March 2019
Venue: Hotel Shangri-La, La
t, Kathmandu
SHANGRI-LA


Neeti Anusandhan Pratishthan, Nepal (NeNAP)
A Talk Program
on
Aspirations of Emerging India and Its Foreign Policy
Date: 17th Chaitra 2075, Sunday | 31st March 2019
nue: Hotel Shangri-La, Lazimpat, Kathmandu
SHANGRI-LA